22/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों की सराहना की है। कल विशाखापत्तनम में 3 लाख से अधिक लोगों के साथ अब तक के सबसे बड़े योगाभ्यास का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि योगांध्र पहल और विशाखापत्तनम का कार्यक्रम कई लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि योग एक बार फिर लोगों को एक साथ लाता है।

0000000000000000000

ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर अमरीकी सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की है और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का **उल्लंघन** बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को क्रूर आक्रामक कार्रवाई बताया और इसके परिणामों के लिए पूरी तरह से अमरीका को जिम्मेदार ठहराया। अमरीकी हमले के कुछ ही घंटों बाद जारी बयान में ईरान ने अमरीका पर इजरायल के साथ तालमेल का आरोप लगाया और इसे नरसंहार का शासन बताया।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात करते हुए ईरान और इज़रायल के तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया में श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति के जरिए क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली का आह्वान किया।

000000000000000000

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को पहलगाम आतंकी हमले की घटना में एक बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने दो लोगों को हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि इनमें बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क में रहने वाला बशीर अहमद जोथर शामिल है। इन दोनों ने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एजेंसी ने बताया है कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध थे।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शनिवार को तवांग जिले के चूना गांव के ग्रामीणों को दामटेंग-चूना सड़क परियोजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण और इंटीलिजेंट्स ब्यूरो (आईबी) द्वारा अधिग्रहित भूमि के लिए उन्नीस करोड़ रुपये के चेक वितरित किए। मुआवजे को समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री खांडू ने कहा कि "यह अरुणाचल प्रदेश के सुदूर सीमांत क्षेत्रों तक विकास सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

0000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने शनिवार को फ्रंटियर हाईवे, जलविद्युत परियोजनाओं, बीआरओ सड़कों, एनएचआईडीसीएल परियोजनाओं, रेलवे विस्तार कार्यों, भारत-म्यांमार सीमा बोर्डर फेंसिंग और मार्गों सहित प्रमुख रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण पर एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में समय पर निष्पादन पर जोर देते हुए, मुख्य सचिव ने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच समन्वय और समयबद्ध मुआवजा वितरण का आग्रह किया।

समीक्षा बैठक में कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधियों और संबंधित जिलों के उपायुक्तों सहित सभी प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए थे।

0000000000000000000

सियांग जिला पुलिस ने पीड़ितों के माता-पिता की शिकायत के बाद छत्तीसगढ़ के रायपुर से तस्करी की गई दो नाबालिग लड़कियों को बचाया गया है। नागालैंड के दीमापुर के एक कूक को गिरफ्तार किया गया, जिसने सोशल मीडिया के ज़रिए उन्हें नौकरी का झांसा दिया था। पंद्रह और सत्रह साल की लड़कियों को तकनीकी निगरानी के ज़रिए पकड़ा गया और उन्हें बोलेंग वापस लाने से पहले रायपुर के एक आश्रय गृह में रखा गया था। पुलिस ने कहा कि तस्करी के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जाँच चल रही है।

00000000000000000

सेप्पा पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसमें दो क्विंटल से ज़्यादा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया है। ईस्ट कामेंग के एसपी कामदाम सिकॉम ने बताया कि पंद्रह जून को हुई गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने वेस्ट कामेंग के कलाकतांग में सप्लाई चेन का पता लगाया और दो और लोगों को गिरफ्तार किया। घरों पर छापेमारी के दौरान साठ लाख रुपये की कीमत का प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया और पूरे नेटवर्क का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

00000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने आज अपर सियांग और दिबांग वैली को छोड़कर लगभग पूरे अरुणाचल प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसमे पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ तूफान और बिजली गिरने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, मौसम कार्यालय ने पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लेपारादा और ईस्ट सियांग के लिए सोमवार से मंगलवार तक प्रभावी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000